कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर

(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

- **जयपुर को स्वच्छ बनाने के लिए हेरिटेज निगम दिखा रहा तत्परता।**

– आमजन की भागीदारी से बनेगा जयपुर साफ़ सुथरा।
– हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा क्षेत्र में खुद उतर कर कर रहे मॉनिटरिंग।
– प्रतिदिन टास्क लेकर स्वच्छ प्रहरी जुटे मिशन मोड पर।

जयपुर को स्वच्छ करने के क्रम में इस बार हेरिटेज नगर निगम मिशन मोड पर जुट गया है। इसके लिए हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा विभिन्न गतिविधियों के साथ मिशन मोड पर जुट गए है। इस क्रम में आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा के नेतृत्व में वार्ड वार स्वच्छ प्रहरी (प्रभारी अधिकारी) शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुट गए है। वहीं आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा भी प्रत्येक वार्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे है, साथ ही स्वच्छता के प्रहरियों का हौंसला भी बढ़ा रहे है। आमजन की सहभागिता को बढ़ाने के लिए निगम की ओर से कई जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे है।

- **ओपन कचरा डिपो हटाने को लेकर निगम प्रतिबद्ध।**

इस संबध में हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बताया कि गुलाबी नगरी के नाम से मशहूर हमारा शहर स्वच्छ बना रहे, इसे लेकर पूरी हेरिटेज निगम टीम मुस्तेदी से काम में जुट गई है। निगम के कर्मचारियों को टास्क दिया जा रहा है। सबसे पहले हम शहर को ओपन डिपो मुक्त करने में लगे हुए है। कई जगहों से डिपो को हटाया जा चुका है। आमजन से समझाइश की जा रही है कि वे दो डस्टबिन में गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखें। निगम के हूपर में ही कचरा डालें। इसे लेकर हमने अभियान भी चला रखा है। लोगों से निगम को भरपूर सहयोग भी मिल रहा है।

- **दुकानदारों से की समझाइश, सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें ना।**

इस क्रम में आयुक्त श्री सुराणा दैनिक रूप से प्रात 7%बजे से खुद सफाई व्यवस्था के निरीक्षण पर निकलते है । इस दौरान आयुक्त ने सभी दुकानदारों से दो डस्टबिन रखने की अपील करते है । उन्होंने कहा कि जयपुर को स्वच्छ बनाए रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है। व्यापारी वर्ग को साथ कर ही हम इसमें सफल हो सकते है। वे अपनी दुकानों के आगे दो डस्टबिन रखें और आमजन को भी कचरा डस्टबिन में ही रखने के लिए प्रेरित करें। वहीं आयुक्त श्री सुराणा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने की अपील की। मंडी में मौजूद आमजन से भी उन्होंने घर से ही कपड़े का थैला लेकर आने की अपील की।

- **निगम ये चला रहा अभियान।**

– शहर की सड़के स्वच्छ रहें, इसके लिए आयुक्त अभिषेक सुराणा प्रतिदिन वार्डो में घूमकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

– प्रत्येक वार्ड की सफ़ाई व्यवस्था के लिए वार्ड प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए है

– ज़ोन उपायुक्त एवं अधिशाषि अभियंता भी सुबह 7 बजे फ़ील्ड में रहते है ।

– इस दौरान वार्ड में मौजूद सफाई कर्मचारियों को हाजिरी रजिस्टर चेक करते है।
– प्रत्येक गली में सफाई व्यवस्था के साथ ही सामुदायिक शौचालय की सफाई का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

– वहीं लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आमजन को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

– आधुनिक मशीनों के जरिए भी मैकेनीज तरीके से सफ़ाई की जा रही है।

– मुख्य बाज़ारों में रात्रि क़ालीन सफ़ाई एवम् मेकेनाइज़ स्वीपिंग भी करवाई जा रही है ।

– हेरिटेज निगम क्षेत्र में आने वाले ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर सफाई की जा रही है।

– ओपन कचरा डिपो पूर्णतया हटे, इसके लिए वहां पर सफाई कर रंगोली बनाई जा रही है, प्लांटेशन किया जा रहा है, साथ ही गार्ड भी बिठाया जा रहा है।

– जीरो वेस्ट प्लान, प्लास्टिक फ्री मार्केट, कंपोस्टिंग, जागरूकता रैली के जरिए आमजन को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा रहा है।